नस्ल संरक्षण पुरस्कार

2018

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

भाकृअनुप
ICAR

Agrisearch with a human touch

नस्ल संरक्षण पुरस्कार

भाकृअनुप-राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर), करनाल अपने उद्देश्यों: (i) देश के पशुधन एवं कुक्कुट संपदा की पहचान, मूल्यांकन, गुण निर्धारण, संरक्षण एवं इनका सतत उपयोग, (ii) पशु आनुवंशिक संपदा का प्रबंधन और नीति के मुद्दों में समन्वय और क्षमता का निर्माण, को क्रियान्वित करने के लिए देश का एकमात्र संस्थान है।

आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर पंजीकृत पशुओं और कुक्कुटों की नस्लों के संरक्षण और रखरखाव के कार्यो में लगे हुए व्यक्तियों, समुदाय और संस्थाओ को नस्ल संरक्षण पुरस्कार - 2018 हेतु आवेदन के लिए आमंत्रित करता है। नस्ल संरक्षण पुरस्कार प्रतिवर्ष चार (4) श्रेणियों के अंतर्गत प्रदान किए जाते है । इस पुरस्कार में नकद 10,000/- रुपये (दस हजार रुपये केवल) और एक प्रमाणपत्र/प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर पुरस्कृत व्यक्ति तथा उसके साथ एक सहयोगी व्यक्ति को रेल द्वारा (एसी-तृतीय श्रेणी तक सिमित) करनाल तक की गयी यात्रा का भत्ता एवं एन.बी.ए.जी.आर में आतिथ्य भी प्रदान करेगा। यह पुरस्कार आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर के फाउंडेशन दिवस 21 सितंबर 2018 को प्रदान किया जायेगा।

नस्ल संरक्षण पुरस्कार की श्रेणियां

पशुपालको द्वारा निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत आवेदन किये जा सकते है:

(I) व्यक्तिगत नस्ल संरक्षण पुरस्कार (3)

- क) बड़े रोमंथी एवं जुगाली करने वाले पशु की नस्लों का संरक्षण (गाय और भैंस)
- ख) छोटी रोमंथी एवं जुगाली करने वाले पशु की नस्लों का संरक्षण (भेड़ और बकरी)
- ग) अन्य पशुधन प्रजातियों की नस्लों का संरक्षण (शूकर, अश्व, कुक्कुट, याक और ऊंट आदि)

(II) संसथान / समुदाय जैसे की नस्ल सोसाइटी / एन.जी.ओ. / गौशला, आदि के लिए (1)

- क) पशुधन प्रजातियों की किसी भी पंजीकृत नस्ल का संरक्षण

पुरस्कार के लिए आवेदन कब कर सकते है

नस्ल संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से खुलेगा और उसी वर्ष की 30 जून को बंद हो जाएगा। निर्धारित प्रारूप एवं सभी प्रकार से परिपूर्ण (पशुधन की रंगीन तस्वीरों सहित) में आवेदन निदेशक, आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर, करनाल को नियत तारीख तक या उसके पहले पहुंच जाना चाहिए।

पुरस्कार के चयन की प्रक्रिया

तय तिथि तक आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर द्वारा प्राप्त नस्ल संरक्षण पुरस्कार के सभी आवेदनों (सभी प्रकार से पूर्ण) की पात्रता की जांच की जायेगी तथा आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर द्वारा एक विशेषज्ञ चयन समिति का गठन किया जायेगा और इस विशेषज्ञ समिति द्वारा की गयी सिफारिशों पर ही पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का चयन किया जाएगा। जो नस्ले कम संख्या में अथवा संकटमय हो चली है उनके संरक्षण में लगे व्यक्तियों, समुदाय और संस्थाओ को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी नस्ल संरक्षण पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के नाम 20 अगस्त तक आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर की वेबसाइट (www.nbagr.res.in) के माध्यम से घोषित किये जायेगे और आवेदनकर्ता को ई-मेल / फोन द्वारा भी सूचित किया जाएगा।

आवेदन कौन कर सकते हैं (पात्रता एवं मानदंड)

1. पंजीकृत नस्लों के संरक्षण और रखरखाव के कार्यो में लगे हुए व्यक्ति, समुदाय और संस्थाए या संरक्षित नस्लों से बने उत्पाद अथवा इनके मूल्य में वृद्धि, नस्लों के महत्त्व में वृद्धि, नस्ल संरक्षण के लिए पशु प्रजनन सम्बंधित सेवाओं, एवं उपरोक्त किसी भी कार्य के माध्यम से नस्ल संरक्षण में लगे हुए व्यक्ति, पशु संरक्षक, समुदाय/संस्था या संरक्षण कर्ता आवेदन कर सकते है।
2. व्यक्ति, समुदाय और संस्था जो कम से कम पिछले 5 वर्षो से (पुरस्कार वर्ष से पूर्व) पशु संरक्षण और पशुपालन में लगे है।
3. कोई भी संस्थान, संस्था, पंजीकृत ब्रीडर्स एसोसिएशन, नस्ल आधारित सोसाइटी, अन्य सोसाइटीज, गैर सरकारी संगठन अथवा गौशाला आदि जो नस्ल संरक्षण के कार्य में लगे है।

4. केवल आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर द्वारा पंजीकृत पशुधन और कुक्कुट की नस्लों का ही इस पुरस्कार के लिए विचार किया जाएगा।
5. आवेदक द्वारा रखे गए पशुओ के समूह / पक्षी के झुंड में पशुओ की कम से कम निमिनलिखित संख्या होनी चाहिए:
   - बड़े पशु - 15 से 20 वयस्क (नर, मादाएं, अनुचर)
   - छोटे पशु - 30 से 40 वयस्क (नर, मादाएं, अनुचर)
   - कुक्कुट/पक्षी - 50 पक्षी
   - संस्थान- नस्ल संरक्षण को बढ़ावा देने वाली कम से कम 25 पशु पालकों की एसोसिएशन.
6. सभी व्यक्ति/समुदाय/संस्थायें पुरस्कार की एक से अधिक श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकती हैं।
7. वे नस्लें जिन्हें पिछले तीन वर्षो में नस्ल संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, वे पुरस्कार के 3 वर्षो बाद ही पुनः पुरस्कार के लिए पात्र होंगी। (विवरण के लिए कृपया संलग्नक देखें)

सामान्य निर्देश

1. आवेदन के लिए कोई भी शुल्क नहीं है. हालांकि, आवेदन की तीन प्रतिया भेजनी आवश्यक है।
2. आवेदक को अपने आवेदन के साथ नोटरी से सत्यापित एक हलफनामा जमा करना होगा, यह प्रमाणित करते हुए कि "मैं .... पुत्र/पुत्री .... निवासी .... नस्ल .... के संरक्षण के कार्य में शामिल हूं तथा आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर, करनाल को नस्ल संरक्षण पुरस्कार के लिए उपलब्ध कराई गई सभी जानकारी मेरी जानकारी के अनुसार एकदम सही हैं।
3. कृपया आवेदन फॉर्म के साथ पिछले 3 साल की ऑडिट स्टेटमेंट संलगन करें। (केवल संस्थानों के लिए लागू)
4. कृपया आवेदन फॉर्म के साथ वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें। (केवल संस्थानों के लिए लागू)
5. हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओँ में आवेदन प्रारूप (एमएस-वर्ड/पीडीएफ) और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज/घोषणाएं/विवरण आदि आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर की वेबसाइट (www.nbagr.res.in) से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं। आवेदक द्वारा आवेदन प्रारूप निदेशक, आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर, करनाल को अनुरोध कर के भी लिया जा सकता हैं।

6. प्रत्येक श्रेणी के पुरस्कार के लिए आवेदन बंद लिफाफे में अलग-अलग से भेजे, आवेदन पत्र निदेशक, आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर, जी.टी रोड बाई-पास, बसंत विहार के नजदीक, पी.ओ बॉक्स - 129, करनाल (हरियाणा) के पास भेजा जाना आवश्यक है।
7. अगर पुरस्कार चयन समिति द्वारा एक ही श्रेणी में एक से अधिक नस्लें अनुशंसित की जाती हैं तो पुरस्कार के नकद प्रोत्साहन राशी को पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में साझा किया जाएगा।
8. पशुधन और कुक्कुटों की पंजीकृत नस्लों की सूची आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर द्वारा अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर की वेबसाइट लिंक (http://www.nbagr.res.in/Accessionbreed.html) पर पशुधन और पोल्ट्री की पंजीकृत नस्लों की सूची देखें।
9. अंतिम तारीख (30 जून) के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। कृप्या आवेदन समय रहते भेजे, आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर किसी भी डाक विलंब के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।
10. आवेदन के लिए किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार की अनुमति नहीं है ऐसा करने पर आवेदन अयोग्य कर दिया जाएगा।
11. इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के सवाल या शंका निदेशक, आईसीएआर-एनबीएजीआर, जी.टी रोड बाई-पास, नजदीक बसंत विहार, पीओ बॉक्स नं-129, करनाल - 132001 (हरियाणा) को भेजा जा सकता है।
12. आवेदन से जुड़े किसी भी विसंगति के मामले में निदेशक, आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर, करनाल का निर्णय ही अंतिम होगा और वह सभी पर बाध्यकारी होगा।

******

नस्ल संरक्षण पुरस्कार प्राप्त नस्लों की सूचि (पिछले 3 वर्ष)

वर्ष	वर्ग	अर्हता	नस्ल का नाम
2017	व्यक्तिगत	क) बड़े रोमंथी एवं जुगाली करने वाले पशु की नस्लों का संरक्षण (गाय और भैंस)	1. रेड कंधारी गाय
			2. बिलाही गाय
	व्यक्तिगत	ख) छोटी रोमंथी एवं जुगाली करने वाले पशु की नस्लों का संरक्षण (भेड़ और बकरी)	तिब्बतन भेड़
	व्यक्तिगत	ग) अन्य पशुधन प्रजातियों की नस्लों का संरक्षण (शूकर, अश्व, कुक्कुट, याक, मिथुन और ऊंट आदि)	निकोबारी शूकर
	संस्थान	क) पशुधन प्रजातियों की किसी भी पंजीकृत नस्ल का संरक्षण	निकोबारी मुर्गा

भाकृअनुप ICAR
हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch